# परियोजना आधारित अस्थायी रिक्तियाँ

**मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय के तत्वावधान मे बिहार के विभिन्न जिलों में निम्न परियोजना आधारित अस्थायी पदों के लिए आवेदन आमंत्रित है ।**

**1. ट्रेनर्स (Trainers) @INR 14000 / - प्रति माह (09)**

**2. सुगमकर्ता (Facilitators) @INR 17000 / - प्रति माह (03)**

**3. रिसर्च फेलो (Research Fellow) @INR 35000/- प्रति माह (01)**

**आवेदन एवं बायोडाटा ( CV ) जमा करने की अंतिम तिथि : 20th June 2023 को 17:00 बजे तक**

**परियोजना के संबंध में :** संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष ( UNFPA ) के तत्वावधान मे बिहार के मदरसों में किशोर शिक्षा कार्यक्रम Adolescence Education Program ( AEP ) को मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय क्रियान्वयन कर रही है । AEP का उद्देश्य किशोरों में आजीवन अधिगम को बढ़ाना एवं शक्ति संवर्धन करना है । मदरसों में शिक्षकों की क्षमता को शक्ति - संवर्धन करने के लिए नोडल शिक्षकों के नियमित प्रशिक्षण और 40 मदरसों की एक इकाई में मदरसा संसाधन केंद्रों को विकसित किया जाएगा। 40 मदरसों की इकाई पर एक मदरसा संसाधन केंद्र प्रशिक्षण , रिफ्रेशर और सहायक पर्यवेक्षण प्रदान करने के लिए कार्य करेगा । प्रत्येक एम आर सी में 3 ट्रेनर और 1 सुगमकर्ता होंगे । मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय इस प्रयास में एक महत्वपूर्ण भागीदार है जिसका प्रयास नोडल शिक्षकों का प्रशिक्षण , सहायक पर्यवेक्षण और मदरसा संसाधन केंद्र को स्थापित करना , उसका क्रियाकलाप एवं प्रबंधन करना है ।

**संबंधित एम आर सी क्षेत्रों में ट्रेनर और सुगमकर्ता की जरूरत है ( कृपया एम आर सी की सूची देखें और अपने बायोडाटा / आवेदन में जिस एम आर सी में आप रुचि रखते हैं उसका उल्लेख और मोबाइल नंबर अवश्य लिखें।**

**आवेदन कैसे करें :** शैक्षिक योग्यता और अनुभव के विवरण के साथ एक बायोडाटा / सीवी निम्नलिखित ईमेल आईडी पर भेजें : manuuaep@gmail.com

**प्रोफेसर मुहम्मद शाहिद**
**(परियोजना निदेशक)**
**यू.एन.एफ.पी.ए. मानू ( AEP ) परियोजना हैदराबाद**

## 1 ट्रेनर (मदरसा संसाधन केंद्र )

**आवश्यक योग्यता** :

- किसी भी विषय में स्नातक
- ● उन्हें उर्दू का अच्छा ज्ञान होना चाहिए
- ● समान प्रकृति की परियोजनाओं के अनुभव वाले लोगों को वरीयता दी जाएगी / जिनके पास B.Ed / M.Ed / MSW / मदरसा पृष्ठभूमि हो
- ● संबंधित एम आर सी क्षेत्र के निवासी को वरीयता दी जाएगी

**कर्तव्य और उत्तरदायित्व:**

• ट्रेनर, नोडल शिक्षक को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और AEP क्रियान्वयन एवं सहायक पर्यवेक्षण प्रदान करने के लिए जिम्मेदार होंगे

• टीम के सदस्यों, मदरसा स्टाफ , हेड मास्टर , प्रबंधन समिति के सदस्यों , छात्रों शिक्षकों अभिभावकों और सिविल सोसाइटी के साथ अच्छा समन्वय विकसित करना

• समय सीमा के भीतर गुणवत्ता रिपोर्ट जमा करना

• नोडल शिक्षक (NT) प्रशिक्षण और अन्य सामुदायिक गतिविधियों का योजना बनाना और आयोजन क्षमता का प्रदर्शन

• आवंटित मदरसों में NT की कार्य योजना बनाना और AEP क्रियान्वयन सुनिश्चित करना

• पर्यवेक्षक को AEP की क्रियान्वयन एवं दिन - प्रतिदिन के कार्य से अवगत कराना ।

गतिविधियों का अनुमानित साप्ताहिक / द्वि- साप्ताहिक कार्य योजना प्रस्तुत करना

• मदरसा प्रमुख, एम आर सी, आर आर सी,एपीसी, पीसी,पीडी द्वारा बुलाई गई बैठकों में भाग लेना ।

• पर्यवेक्षक द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य

## 2- सुगमकर्ता ( मदरसा संसाधन केंद्र)

**आवश्यक योग्यता:**

- किसी भी विषय में स्नातक
- उन्हें उर्दू का अच्छा ज्ञान होना चाहिए
- समान प्रकृति की परियोजनाओं के अनुभव वाले लोगों को वरीयता दी जाएगी / जिनके पास B.Ed / M.Ed / MSW / मदरसा पृष्ठभूमि हो
- संबंधित एम आर सी क्षेत्र के निवासी को वरीयता दी जाएगी

**कर्तव्य और उत्तरदायित्व:**

- एपीसी के क्षेत्रीय संसाधन समन्वयक के सहयोग से एम आर सी में सुचारू कामकाज और गतिविधियों को सुनिश्चित करना
- ट्रेनरों के सभी कार्यकलाप के साथ - साथ सुगमकर्ता एम आर सी को नेतृत्व प्रदान करेगा
- ए ई पी क्रियान्वयन व सहायक पर्यवेक्षण के साथ मदरसा संसाधन केंद्र (एम आर सी ) द्वारा सौंपे गए / संचालित किए गए पूरे कार्यों के लिए जिम्मेदार होगा

• एनटी प्रशिक्षण , पर्यवेक्षी यात्रा और एम आर सी प्रबंधन की योजना और आयोजन

• टीम के सदस्यों , मदरसा स्टाफ , हेड मास्टर , प्रबंधन समिति के सदस्यों , छात्रों शिक्षकों अभिभावकों और सिविल सोसाइटी से अच्छा समन्वय स्थापित करना।

• एईपी क्रियान्वयन के आयोजन और संचालन की योजना बनाने में एनटी को सहायता प्रदान करना

• निर्धारित प्रारूप में समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत करना ।

- एम आर सी पर उपलब्ध संसाधनों के उपयोग में जवाबदेही और पारदर्शिता।

• APC के सहयोग से NT प्रशिक्षण और अन्य गतिविधियों के लिए किए गए सभी वित्तीय अग्रिमों और व्यय के लिए जिम्मेदार होंगे।

• मदरसा प्रमुख, आरआरसी, एपीसी, पीसी, पीडी द्वारा बुलाई गई बैठकों में भाग लेना ।

• पर्यवेक्षक द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य गतिविधियों का अनुमानित साप्ताहिक / द्वि सप्ताहिक - साप्ताहिक कार्य योजना प्रस्तुत करना ।

• आवंटित मदरसों में NT की कार्य योजना बनाना और AEP क्रियान्वयन सुनिश्चित करना

## 3. रिसर्च फेलो ( हैदराबाद में अवस्थित )

**आवश्यक योग्यता:**

• उम्मीदवार के पास मास्टर ऑफ सोशल वर्क या मास्टर ऑफ एजुकेशन (एम.एड) की डिग्री होनी चाहिए।

**निम्नलिखित योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।**

• मदरसा पृष्ठभूमि के उम्मीदवार

• उम्मीदवार जो उर्दू पढ़ने और लिखने की क्षमता रखते हैं।

• उम्मीदवार जो प्रासंगिक विषय में पीएचडी हैं या कर रहे हैं।

• जिन उम्मीदवारों के पास फील्डवर्क या शोध के क्षेत्र में अनुभव या जिनके पास अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के साथ परियोजनाओं में काम करने का अनुभव है।

• उम्मीदवार जो परियोजना से संबंधित जिलों में यात्रा करने और रहने के इच्छुक हैं।

**कर्तव्य और उत्तरदायित्व:**

• परियोजना निदेशक को तकनीकी और रिसर्च सहायता प्रदान करना।

• परियोजना को बेहतर ढंग से चलाने के लिए परियोजना निदेशक और परियोजना समन्वयक को सुविधा प्रदान करना।

• परियोजना दस्तावेज तैयार करने के लिए साक्षात्कार, अवलोकन आदि के माध्यम से डेटा एकत्र करना।

• फील्ड प्रेक्षणों के आधार पर टीम के सदस्यों के साथ फीडबैक साझा करना।

• परियोजना प्रशिक्षण और मॉड्यूल कार्यान्वयन के दौरान तकनीकी सहायता प्रदान करना।

• बैठकों, कार्यशालाओं और प्रशिक्षण के संचालन में सहायता प्रदान करना।

• ऑन-साइट अवलोकन और सहायक निगरानी के लिए सहायता प्रदान करना।

• दस्तावेज़ तैयार करना तथा रिसर्च और प्रकाशन मुद्दों को देखना।

• गतिविधियों की अस्थायी साप्ताहिक और मासिक कार्य योजना तैयार करें।

• गतिविधियों की रिपोर्टिंग मासिक और त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट तैयार करने में सहायता प्रदान करना।

## संशोधित मदरसा संसाधन केंद्रों (एम आर सी ) की सूची और परियोजना क्षेत्र:

**संभावित रिक्तियां**

| क्रम संख्या | MRC स्थान | शामिल किये गए जिले | MRC की संख्या | सुगमकर्ताओ की संख्या | ट्रेनर्स की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नालंदा | नालंदा | 1 | 0 | 1 |
| 2 | मधुबनी | मधुबनी | 1 | 0 | 1 |
| 3 | किशनगंज | किशनगंज | 3 | 1 | 2 |
| 4 | पूर्णिया | पूर्णिया | 2 | 1 | 1 |
| 5 | कटिहार | कटिहार | 1 | 0 | 1 |
| 6 | पूर्वी चंपारण | पूर्वी चंपारण | 1 | 0 | 1 |
| 7 | सुपौल | सुपौल | 1 | 0 | 1 |
| 8 | अररिया | अररिया | 1 | 0 | 1 |
| 9 | भागलपुर | भागलपुर | 1 | 1 | 0 |
| | | कुल | 12 | 3 | 9 |

| क्र.सं. | पद का नाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | रिसर्च फेलो ( हैदराबाद में अवस्थित ) | 1 |

**नोट : रिक्तियों की संख्या बढ़ सकती है। परियोजना 30 सितंबर 2023 तक है जिसके बढ़ने की संभावना है।**

**प्रोफेसर मुहम्मद शाहिद**
**(परियोजना निदेशक)**
**यू.एन.एफ.पी.ए. मानू ( ए ई पी ) परियोजना हैदराबाद**